**उत्तर रेलवे के चतुर्थ श्रेणी के रेलवे कर्मचारियों तथा गैंगमैनों की यूनियन का सम्मेलन**

*1004. **श्री राम चरण :**
**श्री मोलहू प्रसाद :**
**श्री लखनलाल कपूर :**

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 3 मार्च, 1968 को हुए उत्तर रेलवे के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों तथा गैंगमैनों की यूनियन के सम्मेलन में सरकार को तीन मांगें प्रस्तुत की गई थीं;

(ख) यदि हां, तो उन मांगों पर सरकार द्वारा क्या निर्णय लिये गये हैं और उक्त मांगों के कब तक पूरी हो जाने की सम्भावना है; और

(ग) उक्त मांगों में ऐसी मांगें कितनी हैं जो सरकार पूरा नहीं करना चाहती और उसके क्या कारण हैं ?

**रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) :** (क) जी हां ।

(ख) और (ग). इन मांगों की जांच गुण-दोष के आधार पर की जा रही है। लेकिन इस सम्बन्ध में यह उल्लेखनीय है कि इस प्रकार के मामलों में अभ्यावेदन के लिए उचित सारणी उत्तर रेलवे की मान्यता प्राप्त यूनियनें हैं, जिन्हें रेल-प्रशासन से बातचीत करने की सुविधाएं प्राप्त हैं और जो सांवधिक रूप से गैंगमैन तथा चौथी श्रेणी के कर्मचारियों सहित सभी वर्गों के रेल कर्मचारियों के मामले उठाती हैं ।

**दिल्ली में भूमिगत रेलवे**

*1005. **श्री कंवर लाल गुप्त :** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली में भूमिगत रेलवे के निर्माण की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) क्या यह सच है कि दिल्ली नगर निगम और कुछ अन्य व्यक्तियों ने दिल्ली में भूमिगत रेलवे के निर्माण के लिये सरकार से प्रार्थना की है ; और

(ग) यदि हां, तो इस पर कितना धन व्यय होगा और इस से क्या लाभ होने की सम्भावना है ?

**रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) :** (क) जी नहीं।

(ख) दिल्ली में भूमिगत रेलवे के निर्माण के लिए दिल्ली नगर निगम या किसी अन्य व्यक्ति से अभी तक कोई औपचारिक प्रार्थना नहीं मिली है।

(ग) सवाल नहीं उठता।

**असिस्टेंट इंस्पेक्टर्स आफ वर्क्स**

*1006. **श्री श्रीचन्द गोयल :**
**श्री रणजीत सिंह :**

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 205—280 रुपये के ग्रेड में कुछ असिस्टेंट इंस्पेक्टर्स आफ वर्क्स (सिविल इंजीनियरिंग के डिप्लोमाधारी) को, जो रेलवे में कुछ वर्षों तक इस पद पर काम कर चुके हैं, पश्चिम रेलवे पर आफिस क्लर्कों के पद पर लगा दिया गया है;

(ख) क्या यह भी सच है कि उन्हें आफिस क्लर्क का वेतन दिया जा रहा है;